आदेश और पदाधिकरी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी और तारीख सहित
2	3

न्यायालय अन्तर्गत अनुमण्डल पदाधिकारी,राजमहल।
बन्दोबस्ती वाद सं0 04/2017–18
आवेदकगण– बैजु महतो एवं अन्य 4
बनाम
16 आना रैयत
मौजा– बरहरवा
आदेश

25-9-17

अंचल अधिकारी बरहरवा के पत्र सं0 842/रा0 दिनांक 08.08.2017 के द्वारा बंदोबस्ती वाद सं0 01/17–18 प्राप्त हुआ है। जो मौजा बरहरवा के ज0न0 441 दाग न0 1626 में स्थित कुल पाँच व्यक्तियो को बन्दोबस्ती हेतु अभिलेख के माध्यम से अनुशंसा कें साथ प्राप्त हुआ है। अवलोकन किया। जिसे संतुष्ट होकर दिनांक 17.08.2017 को वाद की कार्यवाही प्रारम्भ किया गया एवं मौजा बरहरवा के 16 आना रैयतो से अनापति आमंत्रित हेतु विधिवत नोटिस निर्गत किया गया। निर्धारित तिथि तक आपति प्राप्त नही हुआ तत् पश्चात आवेदकगणो को सुना। आवेदकगण ने अपने नाम से बन्दोबस्ती एवं लगान निर्धारण करने का अनुरोध किया है।

राजस्व कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षक बरहरवा तथा अंचल अमीन बरहरवा से जाँच कराकर अंचल अधिकारी बरहरवा ने प्रतिवेदित किया है कि मौजा बरहरवा थाना न0 29 ज0न0 441 दाग न0 1626 रकवा 13 कट्ठा 13 धुर जमीन खतियान में पूरातन पतित कह कर दर्ज है। जिसका अंशिक रकवा 01 कट्ठा 09 धुर जमीन पर आवेदकगण का दखल कब्जा कर तथा मकान बनाकर निवास कर रहे है। आवेदकगण गरीब, मजदुर, एवं भूमिहीन किस्म के व्यक्ति है जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन गुजर बसर करने वाले की श्रेणी में आते है तथा उन्हे बसोवास के लिए अपनी जमीन नही है। एवं सभी भूमिहीन है। आवेदकगण उक्त भूमि की बन्दोसती कराकर सरकार को लगान देना चाहते है। आवेदित जमीन मौजा बरहरवा ज0न0 441 दाग न0 1626 रकवा 01 कट्ठा 09 धुर जमीन का वार्षिक लगान प्रति एकड 400/रुपये की दर से अंकित किया है। जो वर्ष 1954–55 से देय होगा। अंचल अधिकारी बरहरवा द्वारा आवेदकगण बैजु महतो एवं अन्य 4 सभी सा0 बरहरवा नया बजार पो+थाना– बरहरवा जिला साहेबगंज के नाम से बन्दोबस्ती करने एवं राजस्व हित में लगान निर्धारण करने की अनुशंसा की गयी है।

अतएव अंचल अधिकारी बरहरवा की अनुशंसा के आलोक में राजस्व की वृद्धि एवं जनहित को ध्यान में रख कर तथा मौजा के 16 आना रैयतो के आपत्ति के अभाव में आवेदकगण के नाम से बन्दोबस्ती की स्वीकृति दी जाती है। बरहरवा थाना अनतर्गत मौजा बरहरवा ज0न0 441 में आवेदकगण का दखल निम्न प्रकार है।

25/9/17

Scanned with CamScanner

क्र0सं0	आवेदक/आवेदिका का नाम	मौजा	ज0न0	दाग न0	रकवा
01	बैजु महतो, पे0 नरेश कुशवाहा	बरहरवा	441	1626	05 धुर
02	राजकुमार रमानी पे0 लखन रमानी	"	"	"	06 धुर
03	गोपाल महतो पे0 नरेश कुशवाहा	"	"	"	06 धुर
04	दयाल सरदार पे0 स्व0 नरायण सरदार	"	"	"	06 धुर
05	अनिता देवी पति राम देव रमानी	"	"	"	06 धुर
	कुल रकवा				01 कट्ठा 09 धुर

सभी सा0– नया बजार बरहरवा पो0+थाना– बरहरवा जिला साहेबगंज। आवेदित भूमि का लगान 400/रु0 प्रति एकड की दर से रकवा 01 कट्ठा 09 धुर भूमि का लगान 10(दस) .रुपये सेस निर्धारित किया जाता है। जो वर्ष 1954–55 से देय होगा। उक्त भूमि अहस्तारंणीय होगी।

आदेश की प्रति अंचल अधिकारी, बरहरवा को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजे।

लेखाधित एवं संशोधित

अनुमंडल पदाधिकारी
राजमहल

अनुमंडल पदाधिकारी,
राजमहल

Scanned with CamScanner